आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 25.04.2026 समय: 02.10PM

सीएम मोहन संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश का समृद्ध किसान ही विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कल रात नौ बजे सोशल मीडिया के जरिए प्रदेश के नाम अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चा वादा और पक्का काम, यही हमारी सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि हमने किसानों से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया है। जब हमारे खेतों से लेकर कारखाने तक समृद्धि आएगी, तभी तो हमारे किसान भी समृद्ध और खुशहाल होंगे। डॉ. यादव ने अपने संदेश में बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की तारीख 30 अप्रैल से बढ़ाकर 9 मई कर दी गई है। साथ ही गेहूं उपार्जन अब सप्ताह में 6 दिन होगा यानी शनिवार को अवकाश नहीं रहेगा।

पीएम सूर्य घर

प्रदेश में 6 लाख घरों पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा संयंत्र लगाये जायेंगे। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिये वेंडर्स से डिजिटल एग्रीमेंट भी किया जायेगा। इससे सौर संयंत्र की स्थापना लागत में कमी आयेगी। श्री शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा भौतिक अनुबंधों के स्थान पर डिजिटल एग्रीमेन्ट करने संबंधी आदेश पारित करने से घरों की छत पर सौर संयंत्र स्थापना लागत में कमी आएगी। साथ ही स्थापना संबंधी कार्य शीघ्र गति से हो सकेगा।

रेल सेवा पुरस्कार

भोपाल रेल मंडल में 70वें रेल सप्ताह समारोह के तहत 'रेल सेवा पुरस्कार 2026' का आयोजन किया गया। न्यू नर्मदा क्लब में हुए इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने खास रंग जमाया। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 43 कर्मचारियों को सम्मानित किया। साथ ही 12 श्रेणियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्टेशनों और इकाइयों को भी शील्ड प्रदान की गई।

विश्व पशु चिकित्सा दिवस

आज विश्व पशु चिकित्सा दिवस है। इसका उद्देश्य पशु-पक्षी की देखभाल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का विषय है- पशु चिकित्सक: खाद्य और स्वास्थ्य के संरक्षक।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह से ही सूरज के तेवर तीखे होने लगते हैं। दोपहर में तपिश बढ़ जाती है। मौसम केंद्र भोपाल ने आज ग्वालियर, उज्जैन समेत 20 से ज्यादा जिलों में लू की चेतावनी जारी की है। इनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, उमरिया, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, रतलाम, उज्जैन, झाबुआ, धार और आलीराजपुर शामिल हैं। बाकी जिले भी गर्म रहेंगे। यहां पारा 40 डिग्री के ऊपर ही बना रहेगा।

तेज गर्मी और लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए पांढुर्ना कलेक्टर ने 30 अप्रैल तक प्राइमरी कक्षाओं की छुट्टी घोषित कर दी है। वहीं छिंदवाड़ा में फिलहाल स्कूल लग रहे हैं।

आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज दो मैच खेले जाएंगे। दोपहर बाद साढ़े तीन बजे अरुण जेटली स्टेडियम में डेल्ही कैपिटल्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। शाम साढ़े सात बजे जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

संक्षिप्त समाचार

- आगरमालवा जिले के नलखेड़ा में विश्वप्रसिद्ध पीताम्बरा सर्व सिद्धपीठ मां बगलामुखी का प्राकट्य दिवस नगर गौरव दिवस के रूप में कल मनाया गया। इसके तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए।
- छिंदवाड़ा स्थित शासकीय आईटीआई में आयोजित कैंपस ड्राइव में 27 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें से 8 प्रशिक्षणार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया।
- शिवपुरी जिले के करैरा क्षेत्र में अवैध गेहूं खरीदी करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने 500 क्विंटल गेहूं जप्त किया है।